वर्ष 2025 माह फरवरी अंक 38

# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




प्रधान सम्पादक :- धीरज कुमार (शिक्षक) [उ०म०वि ०सिलौटा(भभुआ)कैमूर (बिहार)]


Teachers of Bihar- +91 7250818080
Dhiraj Kumar- +91 9431680675
Info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com
www.teachersofbihar.org



रश्मि प्रभा

**कार्यालय**
**संयुक्त निदेशक**
**राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद**
**पटना(बिहार)**

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि हमारे सरकारी विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा को प्रदर्शित कर प्रोत्साहित और सम्मानित करने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार 'बाल मन' पत्रिका का प्रकाशन विगत कई वर्षों से कैमूर जिले के शिक्षक सह प्रधान संपादक श्री धीरज कुमार द्वारा किया जा रहा है।
इस प्रकार की मासिक पत्रिका का प्रकाशन बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से बच्चें ज्ञान, कला और सृजनशीलता के साथ सुनहरे भविष्य के लिए अपना मार्ग प्रशस्त करेंगे।
आशा है कि इस बाल मन पत्रिका से विद्यार्थी ,शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक और उन्नत सोच विकसित होगा।

मैं इस उपयोगी पत्रिका के प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए राज्य स्तर पर विद्यार्थी हित में बाल मन के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामना व्यक्त करती हूँ।

**रश्मि प्रभा**
**ज्वाइंट डायरेक्टर**
**SCERT पटना (बिहार)**

05 अक्टूबर 2024

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)
शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)



## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्‌देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ) **(सेवानिवृत)**



# [ शुभकामना संदेश ]

अपार हर्ष के साथ कहना है की सरकारी विद्यालय के प्रतिभावान बच्चो के प्रतिभा को सम्मानित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के सकारात्मक ऊर्जा द्वारा ToB "बाल मन कैमूर" मासिक पत्रिका बच्चो और शिक्षको के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह है जिसके माध्यम से बच्चो के कलात्मक,रचनात्मक,

सृजनात्मक और बौद्धिक क्षमता के साथ सर्वांगीण विकास हो रहा है।सरकारी विद्यालय के बच्चो ने भी इस पत्रिका के माध्यम से अपने प्रतिभा के परचम को राज्य स्तरीय पटल पर लहराने को प्रेरित किया है।इस नवाचार को अपनाने और बच्चो के लिए समर्पण भाव से कार्य करने के लिए मैं अपने तरफ से इस पत्रिका के संपादक धीरज कुमार और उनके टीम में शामिल सभी शिक्षको का आभार व्यक्त करते हुए बाल मन कैमूर को अपनी शुभकामना देते हुए सरकारी विद्यालय के बच्चो के उज्ज्वल और सुखद भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

**शुभकामनाओं सहित।**

Daya

**दयाशंकर सिंह**

**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी**

**औरंगाबाद**



# संपादकीय

**प्यारे बच्चों,**

जीवन निरंतर गतिशील है।ठंडी के बाद बसंत का आगमन हो चुका हैं। आप सभी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए अपनी परीक्षा की तैयारी में भी व्यस्त होंगे।आप सभी को अग्रिम शुभकामना।आप सभी जिस तरह से बालमन से जुड़ कर अपनी प्रतिभा और कला को हम तक पहुंचाते हैं, ऐसे ही जारी रखे। राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आपकी प्रतिभा सभी को पसंद आ रही है।

बच्चो ! हमे आपको बताते हुए बहुत ही हर्ष हो रहा हैं कि टीचर्स ऑफ बिहार बालमन कई राज्यों में भी काफी लोकप्रिय है।हम सभी एक नए त्रैमासिक पत्रिका प्रज्ञानिका के साथ भी इस वर्ष आए है। उम्मीद है आपको वो भी बहुत पसंद आएगी। इस महीने की पत्रिका को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है। यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक पहुंचाए।

हमारी TOB बाल मन पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है। अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

शुभकामनाओं सहित
आपका
धीरज कुमार
प्रधान संपादक
9431680675

# ToB बालमन सम्पादक मंडल

प्रधान सम्पादक
ग्राफिक्स डिजाइनर → धीरज कुमार, उ. म. वि. सिलौटा, भभुआ (कैमूर)

सह सम्पादक → प्रमोद कुमार निराला,कन्या म . वि .चांद(कैमूर)

## राष्ट्रीय समन्वयक समिति

1.शरद कुमार वर्मा (उत्तर प्रदेश)
2. निकिता चौधरी (गुजरात)
3.सिध्दार्थ सपकाळे (महाराष्ट्र)
4.दीपिका श्रीवास्तव एवं राघवेंद्र चंद्रा (छत्तीसगढ़)
5.अभय शर्मा(मध्य प्रदेश)

## राज्य समन्वयक समिति

1.कुमार राकेश मणि, उ. मा. वि. कोटा, नुआंव (कैमूर)

2. राकेश कुमार, म.वि.बलुआ,मनेर (पटना)

3. पुनीता कुमारी, रा.म.वि.नेउरी, बरौली, (गोपालगंज)

4. अवधेश कुमार, उ. म.वि. बहुअरा,भभुआ(कैमूर)

5. राजेश कुमार सिंह, महाबल भृगुनाथ+2उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरीगांवा बहेरा, भभुआ (कैमूर)

संरक्षक →

1.शिव कुमार, संस्थापक. टीचर्स ऑफ़ बिहार
2. ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन, ToB तकनीकी टीम लीडर

ToB बालमन

# इस अंक में आप पढ़ेंगे....


नन्हें कलाकार की कलाकारी

रोचक जानकारी

प्रेरक प्रसंग

साइबर सुरक्षा

सामान्य ज्ञान

पद्य पंकज

अंतरिक्ष की दुनिया

व्यक्ति विशेष

अतीत के पन्नों से

मन की बात

दिवस विशेष

डॉट्स मिलाओ चित्र बनाओ

विषय विशेष ज्ञान

खेल कॉर्नर

अजब गजब

अंतर खोजें

दर्शनीय स्थल

हंसी के हसगुल्ले

रोचक तथ्य

कविता और कहानी

विश्व के धरोहर

आपकी पेंटिंग

फोटो ऑफ द मंथ

स्वास्थ्य सुझाव

बूझो तो जाने

शिक्षण अधिगम सामग्री

गुणकारी सब्ज़ी

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसें आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसीं दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

# TEACHERS OF BIHAR




## शिक्षा स्वयं में साध्य नहीं, अपितु जीवन जीने की कला है।

**डॉ. ज़ाकिर हुसैन**
**( भारत के पूर्व राष्ट्रपति )**



**जन्म: 08 फरवरी 1897**
**मृत्यु: 03 मई 1969**

राकेश कुमार

ToB बालमन

प्रेरक प्रसंग



# संतुष्टि



एक बार भगवान बुद्ध से उनके शिष्य आनंद ने पूछा, भगवान जब आप प्रवचन देते हैं तो सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों? भगवान बुद्ध बोले, यह बताओ कि पानी झरने के ऊपर खड़े होकर पिया जाता है या नीचे जाकर? आनंद ने उत्तर दिया," झरने का पानी ऊंचाई से गिरता है। अत: उसके नीचे जाकर ही पानी पिया जा सकता है। भगवान बुद्ध ने कहा कि तो फिर यदि प्यासे को संतुष्ट करना है तो झरने को ऊंचाई से ही बहना होगा। आनंद ने "हॉ" उत्तर दिया। यह सुनकर भगवान बुद्ध बोले, आनंद ! ठीक इसी तरह यदि तुम्हें किसी से कुछ पाना है तो स्वयं को नीचे लाकर ही प्राप्त कर सकते हो और तुम्हें देने के लिए दाता को भी ऊपर खड़े होना होगा। यदि तुम समर्पण के लिए तैयार हो तो तुम एक ऐसे सागर में बदल जाओगे। जो ज्ञान की सभी सभी धाराओं को अपने में समेट लेता है। भगवान बुद्ध ने फिर कहा कि इतिहास गवाह है कि वही लेने वाला सबसे ज्यादा फायदे में रहता है, जो पूर्ण समर्पण और विश्वास के साथ पाना चाहता है जबकि अविश्वास के साथ पाने की इच्छा रखने वाला हमेशा स्वयं को रिक्त ही महसूस करता हूं।

सोशल मीडिया से

# पद्य पंकज

भर गया है जहर से संसार जैसे हार खाकर,
देखते हैं लोग लोगों को सही परिचय न पाकर,
बुझ गयी है लौ पृथा की,
जल उठो फिर सींचने को।



सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(21 फरवरी 1896 - 15 अक्टूबर 1961)



# चीन की दीवार

ToB बालमन

# विश्व के धरोहर



चीन की दीवार दुनिया की सबसे लंबी मानव निर्मित संरचना है।चीन की महान दीवार का निर्माण सम्राट किन शी हुआंग ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में शुरू किया था। इसकी लंबाई करीब 21,196 किलोमीटर है। यह दीवार कई राजवंशों के प्रयासों से बनी थी और इसे बनाने में 1,800 साल से ज़्यादा का समय लगा।यह दीवार दुर्गों के प्रकार की एक श्रृंखला है जो प्राचीन चीनी राज्यों और शाही चीन की ऐतिहासिक उत्तरी सीमाओं पर यूरेशियाई स्तेपी से विभिन्न खानाबदोश समूहों के विरुद्ध सुरक्षा ,सीमा नियंत्रण करना,कौशेय मार्ग से गुज़रने वाले सामानों पर टैक्स लगाना,व्यापार को नियंत्रित या प्रोत्साहित करना,आप्रवासन और उत्प्रवास को नियंत्रित करना आदि के लिए बनाई गई थी।यह दीवार मिट्टी, पत्थर और चावल से बनी है।दीवार के सबसे प्रसिद्ध हिस्से को मिंग राजवंश ने 14वीं से 17वीं शताब्दी में बनवाया था।दिसंबर 1987 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था।



धीरज कुमार

Teachers of Bihar

बालमन

# रोचक तथ्य





भारत के सबसे कम उम्र के **सीईओ** का नाम **आदित्य राजेश** है। उन्होंने 16 साल की उम्र में दुबई में एक **आइटी कंपनी** की शुरुवात की है।

ToB बालमन

# मन की बात



ToB बालमन एक शानदार पहल हैं। बालमन टीम का ये बहुत ही सराहनीय प्रयास हैं।इस पत्रिका को इतना रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने के लिए बालमन टीम नित्य 24 घंटे प्रयासरत हैं,यह सिद्ध करता हैं की आप सभी का पूरे राज्य स्तर पर बच्चों के प्रति बहुत गहरा लगाव दर्शाता हैं कि बालमन टीम बच्चों को सर्वोच्च ऊंचाइयों  पर पहुंचाना चाहते है।यही आपकी बच्चों के प्रति उत्कृष्ट सोच को दर्शाता है। इतनी अच्छे कार्य के लिए प्रधान संपादक एवं बाल मन पत्रिका टीम के सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई।



डॉक्टर संजय कुमार सिंह (प्राचार्य)
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैजनाथ
रामगढ़, कैमूर(बिहार)

Health is wealth



# ToB बालमन स्वास्थ्य सुझाव

**स्वस्थ जीवनशैली से पाए स्वस्थ जीवन**

## सही भोजन करें :-

**स्वस्थ भोजन में फल, सब्ज़ियां, साबुत अनाज, मेवे, और लीन प्रोटीन शामिल होना चाहिए।ज्यादा नमक और चीनी का प्रयोग नहीं करे।प्रोसेस्ड फ़ूड कम खाएं।**

धीरज कुमार


10 फरवरी
राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस
1
2
3
4
5
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय
विज्ञान दिवस
28 फरवरी
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



सौजन्य से निकिता चौधरी (बालमन टीम)
गुजरात



Priti Kumari class -5
U.M.S DUDAHAN,SIWAN
हाथ से बना मुकूट

# ToB बालमन
# नन्हें कलाकार 1



प्रा ०वि ०प्रखंड कॉलोनी
फूलवारीशरीफ (पटना )



अनुराधा और रानी, वर्ग 4
प्राथमिक विद्यालय महेशपट्टी ,नरपतगंज(अररिया)




UHS डुमरी दुर्गावती (कैमूर)

ToB बालमन

# नन्हें कलाकार 2



रसोई के मसालों से बनाया गया सुन्दर चित्र



सुष्मिता कुमारी वर्ग _4
प्राथमिक विद्यालय ततमा टोल मंसूरचक
बेगुसराय

मैं हूं आपकी मित्र आराध्या , मैं पिछले दिनों अपने मम्मी पापा के साथ अपने शहर के राजभवन में लगे पुष्प एवं शाक सब्जी प्रदर्शनी में गई। वहां हजारों तरह के बहुत सुंदर सुंदर फूल और सब्जियां थीं। मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने उसे प्रदर्शनी में देखा कि एक ऐसा चित्र बनाया गया था जिसे रसोई घर में बनने वाली सब्जी में उपयोग करने वाले मसालों बनाया गया था। इस प्राकृतिक सीनरी में काली मिर्च, तेजपत्ता, लौंग, इलायची आदि का इस्तेमाल किया था। मैंने तुरंत उस अदभुद कलाकारी को अपने कैमरे संग्रहित कर लिया ताकि अपने दोस्तों से साझा कर सकूं। ताकि प्रेरित होकर हम सभी भी ऐसी ही कुछ चित्रकारी कर सकें।




- आराध्या जायसवाल, कक्षा 10
रेलवे हायर सेकेंड्री स्कूल, चारबाग,
लखनऊ ( U. P. )

सौजन्य से: शरद कुमार वर्मा (बालमन उत्तर प्रदेश टीम)

TOB बालमन

# डॉट्स मिलाओ चित्र बनाओ




**आप कौन से बनी आकृति पाते हैं? ...............................**

ToB बालमन कविता

# दूध

गाय दूध देती है
हमलोग दूध पीते है।।

गाय दूध देती मटक- मटक
हमलोग दूध पीते है गटक - गटक।।

दूध से मिठाई बनता है।
हमलोग मिठाई खाते हैं।

हलवाई मिठाई बनाता झट पट
हमलोग मिठाई खाते
लपक- लपक।।


आराध्या कुमारी ,वर्ग3
UMS सिलौटा, कैमूर, बिहार


# वसंत पंचमी विशेष

राकेश कुमार




**बसंत पंचमी** *Basant Panchami*) भारत में हिन्दुओं का प्रसिद्ध त्योहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। यह पूजा सम्पूर्ण भारत में बड़े उल्लास के साथ की जाती है। इस दिन स्त्रियाँ पीले वस्त्र धारण करती हैं। बसंत पंचमी के पर्व से ही 'बसंत ऋतु' का आगमन होता है। शांत, ठंडी, मंद वायु, कटु शीत का स्थान ले लेती है तथा सब को नवप्राण व उत्साह से स्पर्श करती है। पत्रपटल तथा पुष्प खिल उठते हैं।






मध्य विद्यालय अहराना
आजमनगर ,कटिहार




## बालमन स्पेशल






UMS सिलौटा
भभुआ, कैमूर



UMS दुघरा, भभुआ, कैमूर



# सरस्वती पूजा विशेष

हेल्पलाइन नंबर :
1930

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बालमन

# Cyber सुरक्षा

★★★★★

साइबर शिक्षा से होगी साइबर सुरक्षा

## अच्छा एवं सुरक्षित पासवर्ड वह है जिसमें संख्याओं, बड़े और छोटे अक्षरों,प्रतीकों और विशेष वर्णों का संयोजन हो।





धीरज कुमार





**जिल्हा परिषद मॉडेल स्कूल टिटोली,ता. इगतपुरी, जि. नासिक**

**सौजन्य से:सिध्दार्थ सपकाळे (बालमन टीम महाराष्ट्र)**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## ToB बालमन 3

# नन्हें कलाकार









त्रिविमीय आकृतियां , प्रिया कुमारी वर्ग -6
UMS अर्रा, मोहनियां (कैमूर)



पलाश के फूल से आकृति निर्माण..
प्रा ०वि ० ब्लॉक हेड क्वाटर कस्बा (पूर्णिया)



Aditi , class -5 G.P.S.ISARI
DURGAWATI , KAIMUR





**सौजन्य से: दीपिका श्रीवास्तव (बालमन छत्तीसगढ़ टीम)**

## ToB बालमन
# नन्हें कलाकार 4



प्रा० वि० प्रखण्ड कॉलोनी फूलवारीशरीफ( पटना )



कक्षा 5 की छात्रा ने बनाया मिट्टी से माता का चेहरा। म.वि. भेकास जिला कैमूर।






राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट गोपालगंज




प्रा ० वि० झौआ मजगामा प्राणपुर (कटिहार)

# समुद्री जीव रोचक जानकारी

## शार्क / SHARK




शार्क समंदर में सबसे तेज़ शिकारी जीव है। ये अपने तेज़ धार वाले नुकीले दांतों से नावों तक को काट सकती है।आम-तौर पर शार्क समंदर में रहने वाली मछलियों और अन्य जीवों का ही शिकार करती है लेकिनकई बार इंसान का शिकार भी कर लेती है।




## DOLPHIN / डॉल्फिन

डॉल्फ़िन समुद्री स्तनधारी हैं जो हवा में सांस लेते हैं और जीवित बच्चों को जन्म देते हैं। वे सामाजिक रूप से कुशल, बुद्धिमान, फुर्तीले, आनंदित और चंचल जीव हैं जो मनुष्यों के साथ कई भावनात्मक समानताएँ साझा करते हैं। जबकि अधिकांश डॉल्फ़िन समुद्र में रहते हैं, कुछ नदियों और झीलों में रहते हैं।

## व्हेल/WHALE



व्हेल स्तनधारी हैं और वे हवा में सांस लेते हैं, गर्म खून वाले होते हैं, जीवित बच्चे को जन्म देते हैं, अपने बच्चों को दूध पिलाते हैं।इनकी लंबाई लगभग 115 फुट और वजन 150 से 170 टन तक होता है। ब्लू व्हेल दुनिया का सबसे बड़ा जानवर है



## OCTOPUS / ऑक्टोपस


ऑक्टोपस एक अकशेरुकी जीव है।यह अपने आठ लंबे-छोटे हाथों और बड़े सिर के लिए जाना जाता है।ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। ऑक्टोपस अपने आस-पास के माहौल या अपने मूड के हिसाब से तेज़ी से रंग बदल सकता है। ऑक्टोपस के पास जहर होता है जिसका इस्तेमाल शिकार करने और दुश्मनों से बचने के लिए किया जाता है।

## तारामीन / STAR FISH



तारा मछली इकाइनोडरमेटा संघ का अपृष्ठवंशी प्राणी है जो केवल समुद्री जल में ही पायी जाती है। इसके शरीर का आकार तारा जैसा होता है, शरीर में डिस्क और पांच भुजाएं होती है जो कड़े प्लेट्स से ढंकी रहता हैं। उपरी सतह पर अनेक कांटेदार रचनायें होती हैं। डिस्क पर मध्य में गुदा स्थित होती है।जब वे खाते हैं, तो उनका पेट भोजन को पचाने के लिए उनके मुंह से बाहर निकलता है।

धीरज कुमार


12 फरवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन।
संत रविदास
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन।
छत्रपति शिवाजी महाराज
जन्मः 19 फरवरी 1630
मृत्युः 3 अप्रैल 1680
Madhu priya
/teachersofbihar

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 5





















# दीया

सामने कुहरा घना है,
और मैं सूरज नही हूँ।
क्या इसी एहसास में जिऊँ?
या जैसा भी हूँ,
नन्हा-सा एक दीया तो हूँ।
क्यो नहीं उसी के उजास में जिऊँ?

हर आने वाला क्षण मुझसे यही कहता है----
अरे भाई तू सूरज तो नही हो,
और मैं कहता हूँ---
न सही-- मैं एक नन्हा दीया तो हूँ।
जितनी भी है लौ मुझमें,
उसे लेकर जिया तो हूँ।

कम से कम मैं उनमें तो नही,
जो चाँद दिल में बुझाए बैठे हैं।
हर रात को अमावस बनाए बैठे हैं।
उड़ते फिरते थे जो जुगनू आंगन में,
उन्हें भी मुट्ठियों में लोग दबाए बैठे हैं।



ऋचा श्रीवास्तव
वर्ग 8
गोगरी ,खगड़िया
(बिहार)

सौजन्य से : बालमंच सोनभद्र एक्सप्रेस

ToB बालमन

# ECO/YOUTH CLUB







-राजकीय उ० मध्य विद्यालय सेनुअरिया चनपटिया पश्चिमी चम्पारण






प्राथमिक विद्यालय जगरिया चैनपुर कैमूर



प्राथमिक विद्यालय बहुआरा , कुदरा कैमूर







प्रा ०वि ० ब्लॉक हेड क्वाटर कस्बा (पूर्णिया )



UMS अर्रा मोहनियां कैमूर





मध्य विद्यालय सोनहन (कैमूर)



UHS.बैजनाथ रामगढ़ (कैमूर )



Feb. 25

# ToB बालमन

## हमारा समाज

### त्यौहार और पकवान



होली



ईद

पुआ, गुझिया

सेवई



क्रिसमस



लोहड़ी

केक

रेवड़ी,आटे की पिन्नी

Dhiraj Kumar

ToB बालमन
ENGLISH
CORNER

# ADJECTIVE

**An adjective is a word that describes or modifies a noun or pronoun.**

***Examples :***



**dirty**



**sleepy**



**grumpy**



**quiet**

*Example : His dress is dirty .*



**clean**



**excited**



**funny**



**hungry**

*Example : I am excited to go in party .*



**honest**



**upset**



**ashamed**



**loud**

*Example : Dhiraj is an honest boy.*

धीरज कुमार

ToB बालमन

# आपकी पेंटिंग 1





डिम्पल कुमारी वर्ग 7
मध्य विद्यालय चांद, कैमूर

P.s.Bairgachhi kumaripur
manihari(katihar)





शुभकला कुमारी , क्लास 2
प्रा ०वि ०महेशपट्टी नरपतगंज अररिया

किशनावती कुमारी ,वर्ग- 6
मध्य विद्यालय ओदार
भभुआ (कैमूर)

ToB बालमन

# आपकी पेंटिंग 2



अनन्या कुमारी
वर्ग - पंचम
मध्य विद्यालय लत्तीपुर,बिहपुर, भागलपुर



मध्य विद्यालय राँटी
मधुबनी




विवेक शर्मा कक्षा 7
मध्य विद्यालय पाढ़ी चांद कैमूर






UMS सिलौटा,कैमूर

# रंग बिरंगे गुब्बारे

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

ToB बालमन कविता

रंग बिरंगे खूबसूरत गुब्बारे,
उड़ते हैं सब ऊंचे आसमान में।
लाल,पीले और नीले हैं,
बच्चों की यह दुनिया,
लगता है सब पास में।

हरेक गुब्बारे में बच्चों की,
अपार खुशियां समाई है।
छोटी सी परियां सब बनकर,
यह सबको  पसंद आई है।

खूबसूरत गुब्बारे झुलते हैं,
नाचते गाते शोर मचाते हैं।
बच्चों के चेहरे पर रहती है,
सब देखकर हंसते -मुस्कुराते हैं।

कभी बगीचे में, कभी सागर किनारे,
गुब्बारे वाले के चेहरे पर ही,
हमेशा रहती है खुशियां सारे।
ये गुब्बारे होते हैं हमेशा,
सपनों से भरे हुए सबके प्यारे।





डॉ ०अशोक, पटना, बिहार।

माह - फरवरी

# सर्वनाम

**ToB बालमन**

**हिंदी TLM**

**संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।**

**जैसे - यह, वह, हम, तुम, उसे, आप इत्यादि।**






Punita Kumari

# आपकी पेंटिंग 3





प्राथमिक विद्यालय हरिजनटोला, कलगीगंज कहलगाँव, भागलपुर

मध्य विद्यालय सोनहन भभुआ, कैमूर



रेखा टुडू
प्राथमिक विद्यालय उचित ग्राम पिपरा
पूर्णिया, बिहार






उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर



मध्य विद्यालय बखरी
खरकट्टा, समेली, कटिहार



उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुदहन( सिवान )



प्राथमिक विद्यालय हरिजनटोला, कलगीगंज कहलगाँव,भागलपुर



उर्दू प्राथमिक विद्यालय करवंदिया चांद, कैमूर




प्रा ०वि ० ब्लॉक हेड क्वाटर कस्बा ,पूर्णिया



मध्य विद्यालय सलथुआ कुदरा, कैमूर



उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां



गूंजा कुमारी, वर्ग 6
UMS अर्रा, मोहनियां

# आपकी पेंटिंग

## भाग 4



Ums jhitkahiyan rampur
Block n dist vaishali




प्रा ०वि ० प्रखंड कॉलोनी फूलवारीशरीफ पटना




श्री देवनारायण सिंह मध्य विद्यालय मकराईन डिहरी,रोहतास

ToB बालमन कविता



# वो बचपन सुहाना

याद बचपन की आए , तो दिल मुस्काता है,
वो प्यारे लम्हें,जब हर एक पल सुहाना होता है।

आँगन में किलकारियाँ , पेड़ की शाखों पर झूलना,
माँ की लोरी सुनते-सुनते टिमटिमाते तारों को देखना।





नन्हें हाथों से मिट्टी के घर बनाना,
बारिश की बूंदों में कागज की नाव चलाना।

दोस्तों के संग वो बेफिक्र सी हँसी,
चोट लगने पर भी कोई शिकवा न किसी से।

स्कूल के दिनों में होमवर्क का बहाना,
गुल्लक में पैसे जमा करने का खज़ाना।

तितलियों के पीछे दौड़ते हुए थक जाना,
खेलों की दुनिया में खुद को खो  देना।



वो छुट्टियों का इंतजार,छुट्टियों में सफर,
याद बचपन की आए,
तो दिल फिर से खिल उठता हरपल।



ज्योति कुमारी(सहायक शिक्षिका)
प्राथमिक विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय, कसबा
(पूर्णिया) बिहार

ToB बालमन

# आपकी पेंटिंग 5



Ums jhitkahiyan rampur
Block n dist vaishali




प्रा ०वि ० ब्लॉक हेडक्वाटर
कस्बा ,पूर्णिया



UMS सिलौटा कैमूर



Anjali Kumari
P.S.HARIJAN TOLA
,KALGIGANJ,KAHALGAON



UMS गौरा,
भगवानपुर कैमूर








मध्य विद्यालय बखरी खरकट्टा,समेली(कटिहार)



प्राथमिक विद्यालय महेशपट्टी नरपतगंज
जिला अररिया



प्रा ०वि ० बैरागाछी, कुमारीपुर
मनिहारी कटिहार

ToB बालमन कविता

# पेड़ को लगाना है।

पेड़ों को लगाना है, प्रदूषण को हटाना है।
हरियाली को जग में फैलाना है।।
पर्यावरण को अपने बचाना है।।।
पेड़ कितने अच्छे हैं, सुरक्षित इससे बच्चे हैं।
पेड़ को जो काटते हैं, मन के अभी कच्चे है।
जन जन तक इस बात को फैलाना है।
पर्यावरण को अपने बचाना है ।।
पेड़ जहां काटते हैं,
बादल वहां फटते हैं।
पेड़ की वजह से ही हमारी सांसे चलती हैं।
पेड़ है तो हम हैं हमारा आजकल है,
पेड़ के बिना नहीं जीवन ये बसर है ।
पेड़ के साथ जल को भी बचाना है,
हरियाली को जग में फैलाना है ।।
जल नहीं तो कल नहीं है,
जीवन ये सफल नहीं है।
जल का महत्व सबको बताना है,
पर्यावरण को अपने बचाना है ।।
पेड़ों को लगाना है ,प्रदूषण को हटाना है।
हरियाली को जग में फैलाना है ।
पर्यावरण को अपने बचाना है ।।

प्रीति देवी (शिक्षिका)
मध्य विद्यालय भेकास, भभुआ
कैमूर (बिहार)

ToB बालमन

# PEN AND PENCIL ART




नाजिया खातून,वर्ग 6
UMS सिलौटा (कैमूर)



Pooja kumari
Smt. Udasi Devi High school AKHALASPUR(kaimur)



प्रा०वि० ब्लॉक हेड क्वाटर
कस्बा( पूर्णिया )



अमन कुमार,वर्ग 8
मध्य विद्यालय भेकास, भभुआ (कैमूर)



संतोष कुमार ,सरौनी कला (मधेपुरा)




Ums jhitkahiyan rampur
(vaishali)



प्रा ०वि० प्रखंड कॉलोनी
फूलवारीशरीफ (पटना )



जिम्मी कुमारी , वर्ग 6
UMS सिलौटा, भभुआ कैमूर



Saraswati kumari ,Class -7th
Ums jhitkahiyan rampur
(vaishali)

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

ToB बालमन


# अंतर खोजें





**30 सेकंड में 5 अंतर खोजें**







ToB बालमन

# हँसी के हसगुल्ले








**टीचर :- हमारे भोजन के मुख्य स्त्रोत कौन कौन से हैं?**




**स्टूडेंट :- शादी, भंडारा, बर्थडे पार्टी और तेरवी...**

---

**टीचर (छात्रों से)-चींटियों से हमे कौन-कौन से लाभ हैं?**

**एक छात्र- सर चींटियां हमें बताती है कि घर में मिठाई कहां छिपा कर रखी हैं?**





# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार


## माह: फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार** दिनांक 01.02.2025 | **भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी (मॉकड्रिल)** |
| **द्वितीय शनिवार** दिनांक 08.02.2025 | **कुपोषण से होनेवाली परेशानियां एवं उसके समाधान के सन्दर्भ में जानकारी** |
| **तृतीय शनिवार** दिनांक 15.02.2025 | **बिजली से घात, जल जमाव से परेशानियां तथा बोरिंग के गड्ढे से होनेवाली घटनाओं के बारे में जानकारी** |
| **चतुर्थ शनिवार** दिनांक 22.02.2025 | **जल एवं भूमि का संरक्षण, वायु प्रदूषण एवं पेड़-पौधे का संरक्षण के संदर्भ में जानकारी** |









**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)


राकेश कुमार

## माह: मार्च 2025

**प्रथम शनिवार**

दिनांक 01.03.2025


**अगलगी से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी**



**द्वितीय शनिवार**

दिनांक 08.03.2025

**चक्रवाती तूफान / आँधी से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में सावधानी**



**तृतीय शनिवार**

दिनांक 15.03.2025

**डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ. आर. एस. बनाने से सम्बन्धित कौशल प्रशिक्षण एवं अभ्यास**



**चतुर्थ शनिवार**

दिनांक 22.03.2025

**AES/JE से बचाव के बारे में जानकारी**



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

ToB बालमन

# सुरक्षित शनिवार




अन्तिमा, नीलू और पूनम Class 5
Govt UMS SENUARIYA CHANPATIA
West Champaran




मध्य विद्यालय बखरी खरकट्टा
समेली(कटिहार)




उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ(कैमूर)



प्राथमिक विद्यालय जगरिया
चैनपुर (कैमूर)



मध्य विद्यालय बिठला
परबत्ता (खगड़िया)




U.H.S. बैजनाथ, रामगढ़
(कैमूर )

संकलनकर्ता: धीरज कुमार



**ToB बालमन कहानी**

# मैं नींद में कुंभ मेले पहुंच गया

मैं उस रात इतिहास की एक पुस्तक देश में लगने वाले कुंभ मेले के इतिहास के बारे में पढ़ रहा था । उस रोज मैंने जाना कि प्राचीन काल में चीनी यात्री  ह्वेनसांग भी भारत में लगने वाले कुंभ में आये थे। कुंभ मेले का रोचक इतिहास पढ़ते- पढ़ते  मुझे नींद आ गई।

मैंने स्वप्न में देखा कि मैं उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के कुंभ मेले में घूम रहा हूं। मैं वहां संगम  तट पर पहुंचकर एक नाव पर बैठ गया। नाव चल पड़ी। मेरी नाव उथले पानी से गहराई की ओर जाने लगी। तभी अचानक मुझे ऐसा लगा कि मेरा घनिष्ट मित्र अमित भी तट पर खड़ा मेरे साथ आने के लिए मुझे पुकार रहा है। अब मैं अपने नाविक से चप्पू चलाना रोकने के लिए कहना लगा। नाव चलाने वाले व्यक्ति से फिर से किनारे पर चलने के लिए आग्रह लगा। क्योंकि मेरा मित्र छूट गया था। लेकिन नाविक मेरी बात सुन ही नहीं रहा था।

मैं जोर- जोर से नाव को रोकने के लिए चिल्लाने लगा। तभी मुझे लगा कि अचानक किसी ने मेरे कंधे  हाथ रखा।मैंने मुड़ कर देखा; वे चीनी यात्री ह्वेनसांग थे। तभी मेरी नींद खुल गई। सुबह हो चुकी थी।मेरे पापा मेरा कंधा हिलाकर मुझे स्कूल जाने के लिए उठा रहे थे। तब मुझे समझ आया कि नींद में कुंभ में कंधे पर हाथ रखने वाले चीनी यात्री ह्वेनसांग नहीं बल्कि मेरे पिता थे , जो मुझे जगा रहे थे।




शरद कुमार वर्मा (शिक्षक )

रेलवे हायर सेकेंड्री स्कूल

चारबाग, लखनऊ ( U.P.)




**ToB बालमन**

# Black /Green Board Art




मध्य विद्यालय
अरिहाना,आजमनगर(कटिहार)



प्राथमिक विद्यालय प्रखण्ड कॉलोनी
फूलवारी शरीफ (पटना )






न्यू प्राथमिक विद्यालय ढढणिया
भभुआ ,(कैमूर)




मध्य विद्यालय कोटा
नुआंव (कैमूर)




U.M.S. अमांव,चैनपुर
(कैमूर)




कन्या मध्य विद्यालय सिकटी
अररिया

ToB बालमन


# संस्कृत ज्ञान

## पशु नाम




बन्दर

वानरः



गाय

गौ / धेनुः



हाथी

गजः




घोड़ा

अश्वः



बाघ

व्याघ्रः



शेर

सिंहः




जिराफ़

चित्रोष्ट्रः



खरगोश

शशः/शशक



मोर

मयूर

धीरज कुमार

ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल



# श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र पटना(बिहार)

श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र की स्थापना बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा0 श्रीकृष्ण सिंह के नाम पर सन् 1978 में पटना में हुआ जिसका उद्घाटन तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री ठाकुर प्रसाद सिंह द्वारा 14 अप्रैल 1978 में किया गया । सन् 1978 में इसके शुरुआत से ही यह केन्द्र पूरे राज्य में बहुसंख्य दर्शकों मुख्यतः स्कूली विद्यार्थियों में 'विज्ञान सबके लिए' के राष्ट्रीय लक्ष्य को शामिल करते हुए अनौपचारिक शिक्षा द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करना है । यह केन्द्र पूरी तल्लीनता से स्वयं द्वारा बार – बार आनन्दपूर्वक सीखने के अनुभव की प्रवृत्ति प्रदान करता है । इसके अतिरिक्त स्थायी दीर्घाओं में विज्ञान पर बहुतायत प्रतिभागी प्रदर्शों द्वारा यह केन्द्र लगातार शैक्षणिक कार्यक्रम एवं क्रियाकलापों द्वारा मुख्यतया विद्यार्थियों के लिए दोहराने की वैज्ञानिक प्रवृत्ति से विज्ञान शिक्षा को अनौपचारिक रुप से रोचक बनाया गया है ।

विज्ञान केंद्र में कई विशेषताएं हैं जैसे कि "ग्राउंड फ्लोर" जिसे "फन साइंस गैलरी" कहा जाता है। और दो शीर्ष मंजिलों पर कई वैज्ञानिक प्रयोग प्रदर्शित किए गए हैं। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र का पहलू यह है कि कोई व्यक्ति पुस्तकों के बजाय व्यावहारिक डेमो के माध्यम से आसानी से ज्ञान प्राप्त कर सकता है। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में ऊर्जा बॉल डेमो ज्ञान का बहुत बड़ा आनंद देता है।

श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में विज्ञान पर सहभागी प्रदर्शनों से भरी कई अलग-अलग स्थायी दीर्घाएँ हैं। कुछ मुख्य आकर्षणों में एक डिजिटल तारामंडल, 3डी थियेटर, भूलभुलैया, साइंस ऑन ए स्फीयर (एसओएस) थियेटर और एक विज्ञान पार्क है जो बच्चों के बीच एक प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा इसमें हाल ही में एक इनोवेशन हब सेंटर खोला गया है जो विभिन्न आयु समूहों के बच्चों को सप्ताहांत के दौरान केंद्र में काम करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में उनके विचारों और रुचियों का विकास होता है।

यह विज्ञान केंद्र अपने आगंतुकों को मनोरंजक तरीके से मनोरंजक और इंटरैक्टिव स्व-शिक्षण अनुभव प्रदान करता है। एक बार इस विज्ञान केंद्र को सपरिवार घूमना चाहिए क्योंकि यह मनोरंजन के साथ- साथ ज्ञान-विज्ञान का केंद्र है।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

ToB बालमन

# चेतना सत्र







प्राथमिक विद्यालय सुब्बटोला
कहलगांव (भागलपुर)



उत्क्रमित मध्य विद्यालय लच्छूछापर,
चनपटिया (पश्चिमी चंपारण)




मध्य विद्यालय दरगाहीगंज,नरपतगंज (अररिया)




मध्य विद्यालय जुआफर , भगवानपुर (सिवान)



उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा,
भभुआ (कैमूर)


संकलनकर्ता: धीरज कुमार

ToB बालमन

# नैतिक शिक्षा

# CLASSROOM RULES

वर्ग में कुछ बोलने से पहले अपना हाथ ऊपर उठाना सुनिश्चित करें।





शिक्षक या कोई विद्यार्थी बोल रहे हो तो उनकी बात ध्यान से सुनें और निर्देशों का पालन करें।

व्यक्तिगत स्वच्छता नियमों का पालन करें और अपने बेंच - डेस्क साफ रखे।





दूसरों के प्रति दयालु और विनम्रता से व्यवहार करें। और अनुशासन बनाए रखे।

धीरज कुमार

ToB बालमन

# अजब गजब



बैरन द्वीप: अंडमान सागर में स्थित यह द्वीप भारत का इकलौता ऐसा द्वीप है जहां ज्वालामुखी है. यहां पर्यटकों के जाने की अनुमति नहीं है।

कजाकिस्तान का गांव: इस गांव में लोगों को कभी भी कहीं भी अचानक से नींद आ जाती हैं।

बरमूडा त्रिभुज: उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित यह क्षेत्र कई विमानों और जहाज़ों के गायब होने के लिए जाना जाता हैं।

न्यूजीलैंड के वैटोमो केव्स: ये गुफाएं बहुत अजीब और अलग दिखाई देते हैं जिसके कारण इसकी चर्चा होती हैं।

ब्राजील का नाग आइलैंड:यह बेहद रहस्यमयी द्वीप है जहां पर सांपों का राज है। यहां पर सांपों की कुल 4 हजार प्रजातियां हैं, जिनमें से कुछ बेहद खतरनाक हैं।

सोशल मीडिया से

ToB बालमन

# Photo of the month



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी बरौली गोपालगंज

गर्ल्स हाई स्कूल मनेर, पटना







मध्य विद्यालय अरिहाना आजमनगर(कटिहार)

हर तस्वीर कुछ खास होती हैं

TOB बालमन

# रोचक गणित

## पाई संख्या ( π )

पाई संख्या एक गणितीय स्थिरांक को संदर्भित करती है। विशेषज्ञ इसे वृत्त की परिधि और उसके व्यास के अनुपात के रूप में परिभाषित करते हैं। पाई का प्रयोग गणित के सभी क्षेत्रों में कई सूत्रों में होता है।

- पाई एक गणितीय नियतांक है।
- यह एक अपरिमेय संख्या है।
- पाई का मान 22/7 या लगभग 3.14159 होता है।
- पाई (पाई) के प्रथम 31 अंकों में कोई शून्य नहीं है।
- पाई को ग्रीक अक्षर π से दर्शाया जाता है।
- पाई का मान किसी भी आकार के वृत्त के लिए एक जैसा होता है।
- पाई का उपयोग वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल निकालने में किया जाता है।
- पाई का मान अनंत दशमलव के रूप में भी जाना जाता है।
- पाई की पहली गणना बेबीलोनियों ने 2000 ईसा पूर्व में की थी।
- पाई की गणना का रिकॉर्ड 5 ट्रिलियन अंकों तक पहुंच चुका है।
- पाई को दर्शाने के लिए निकटतम अंश 22/7 है लेकिन यह भी पूरी तरह सटीक नहीं है।
- पाई कई गणितीय और वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में मौजूद है।
- पाई दिवस 14 मार्च को मनाया जाता है।

Kumar Rakesh Mani (H.M.)
U.H.S. कोटा नुआंव, कैमूर, बिहार

TOB बालमन

# व्यक्ति विशेष



# दादा साहब फाल्के

भारतीय निर्देशक, निर्माता, संगीतकार, संपादक और प्रकाशक दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है क्योंकि उन्होंने देश की पहली पूर्ण लंबाई वाली फिल्म बनाई थी। स्वदेशी मूक फिल्म का नाम राजा हरिश्चंद्र (1913) था। दादा साहब फाल्के का जन्म 30 अप्रैल, 1870 को त्रिम्बक में हुआ था।दादासाहब फालके का पूरा नाम धुंडीराज गोविन्द फालके है।जब दादासाहब ने चलचित्र-निर्माण में अपना ठोस कदम रखा तो इन्हें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जैसे-तैसे कुछ पैसों की व्यवस्था कर चलचित्र-निर्माण संबंधी उपकरणों को खरीदने के लिए दादासाहब लंदन पहुँचे। वे वहाँ बाइस्कोप सिने साप्ताहिक के संपादक की मदद से कुछ चलचित्र-निर्माण संबंधी उपकरण खरीदे और 1912 के अप्रैल माह में वापस मुम्बई आकर उन्होने दादर में अपना स्टूडियो बनाया और फालके फिल्म के नाम से अपनी संस्था स्थापित की। दादासाहब ने कुल 125 फिल्मों का निर्माण किया। 16 फ़रवरी 1944 को 74 वर्ष की अवस्था में पवित्र तीर्थस्थली नासिक में भारतीय चलचित्र-जगत का यह अनुपम सूर्य सदा के लिए अस्त हो गया।

धीरज कुमार

ToB बालमन

# Photo of the month 2

तस्वीरें बिन बोले सब बोलती हैं.....



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी ,बरौली (गोपालगंज)




उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा भभुआ (कैमूर)



प्राइमरी विद्यालय रामसंग हरनौत (नालंदा)



उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरना,कुदरा (कैमूर)

ToB बालमन

गणितीय कौशल

# Multiplication Crossword




| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | x | 3 | = | |
| | | | | x | | x | | | | x |
| | | | | | | 2 | x | 5 | = | 10 |
| | | | | = | | = | | x | | = |
| | | 2 | | 1 | x | 4 | = | | | 60 |
| | | x | | | | | | = | | |
| | | 1 | | 4 | x | 5 | = | | | |
| x | | = | | x | | | | | | |
| 2 | x | | = | 4 | | | | | | |
| = | | | | = | | | | | | |
| 14 | | | | | | | | | | |



# कब और क्यों शुरू हुई थी चैंपियंस ट्रॉफी

1998 में ICC और BCCI के पूर्व प्रेसिडेंट जगमोहन डालमिया ने नॉकआउट ट्रॉफी के नाम से टूर्नामेंट शुरू किया। बांग्लादेश, केन्या जैसे छोटे देशों को शुरुआत में मेजबानी दी गई, ताकि वहां क्रिकेट के लिए रेवेन्यू जनरेट हो सके। टूर्नामेंट की लोकप्रियता बढ़ने लगी और इसे वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, भारत और साउथ अफ्रीका जैसे देशों में भी कराया गया।

1998 से 2006 तक हर 2 साल में टूर्नामेंट खेला जाता था। 2009 से हर 4 साल में टूर्नामेंट होने लगा। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि 2007 में ICC के टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत भी हो गई थी, जो हर 2 साल में एक बार होता है। टी-20 वर्ल्ड कप से ही तय किया गया कि हर साल ICC का कोई न कोई मेंस टूर्नामेंट जरूर होगा।

टी-20 वर्ल्ड कप हर 2 साल में एक बार होने लगा। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे वर्ल्ड कप 4-4 साल में एक बार होता है। 2009 के बाद 2013 और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई। अब 2025 के बाद 2029 में टूर्नामेंट होगा।


राकेश कुमार

ToB बालमन

# शिक्षण अधिगम सामग्री



अवधेश राम(शिक्षक)
U.M.S. बहुआरा, भभुआ
(कैमूर) बिहार

## ⭐TLM का नाम

**पहले और बाद की संख्या**

**TLM जिस कक्षा के लिए उपयुक्त हैं**

**वर्ग 1 एवं 2**

**TLM से सम्बंधित विषय: गणित**




## सीखने के बिन्दु:-

**इस TLM के माध्यम से बच्चे -**

**(i) दो या दो से अधिक संख्याओं में तुलना करना सीखेंगे।**

**(ii) पहले और बाद की संख्या को बताएंगे।**

## TLM बनाने हेतु सामग्री

**कुट, पीन, गोंद इत्यादि।**

## TLM बनाने की विधि⟶

**विधि:-कुट का एक वृताकार चकरी बनाकर उसके किनारे किनारे 0 से 9 तक के सभी अंक समान दूरी पर मार्कर से लिख देंगे। अब चकरी के व्यास के बराबर चौड़ाई का एक फुट लेकर उसमें बीच में चकरी के केंद्र पर इस प्रकार पीन लगाएंगे की चकरी का कुछ हिस्सा एक तरफ से दिखाई दे। चकरी पर लिखे गए अंक के सामने ही ऊपर वाले कुट पर तीन विंडो इस प्रकार बनाएंगे की विंडो से तीन क्रमागत अंक दिखाई दे। ऊपर वाले कुट के बराबर आकार वाला एक दूसरा कुट लेकर नीचे से लगा देंगे तथा जिधर चकरी का थोड़ा भाग दिखाई दे रहा है उधर छोड़कर तीनों तरफ गोंद से सटा देंगे।**

## TLM उपयोग करने की विधि ⟶

**चकरी का जो भाग बाहर दिखाई दे रहा है उसको उंगली के सहारे घूमते जाएंगे तो विंडो में अलग-अलग क्रमागत संख्याएं आती जाएगी इस प्रकार बच्चों से उन संख्याओं की पहचान कराकर बड़ी छोटी संख्या तथा पहले और बाद की संख्या की जानकारी दी जा सकती है।**

ToB बालमन

# Photo of the month 3

## हर तस्वीर कुछ कहती हैं...




मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी रोहतास




प्रा०वि० सरस्वतीपुर, छातापुर (सुपौल)




शिक्षिका के सम्मान में NPS ढढणिया, भभुआ, कैमूर




S.M.H.D H/S Poonadih Patna

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## घिरनी को मशीन क्यों कहते हैं?

घिरनी बल की दिशा बदल देती है, जिससे बोझ खींचने में आसानी होती है, अतः घिरनी एक मशीन है।

Madhu priya

ToB बालमन

# शिक्षा शब्दकोश






# यादृच्छिक प्रश्न

**जो सवाल अप्रत्याशित होता है, उसे यादृच्छिक प्रश्न कहते हैं।यादृच्छिक प्रश्नों का इस्तेमाल किसी से दिलचस्प बातचीत शुरू करने के लिए किया जा सकता है।**

राकेश कुमार


**राकेश कुमार**




# माह
# March






| | | |
|---|---|---|
| 03 मार्च | राष्ट्रीय रक्षा दिवस |  |
| 08 मार्च | अंतराष्ट्रीय महिला दिवस |  |
| 22 मार्च | बिहार दिवस |  |

दिवस मनाने का उद्देश्य किसी घटना या व्यक्ति को याद करना, उसका सम्मान करना और उससे जुड़े मूल्यों को लोगों में फैलाना होता है।

**यह दिवस / जयंती बच्चों को जो स्कूल डायरी दी गई है उस पर आधारित है।**

ToB बालमन

# गुणकारी सब्ज़ी





# पालक





पालक ( स्पिनेशिया ओलेरेशिया )शीतऋतु की फसल है तथा पाले को सहन कर सकता है किंतु अधिक गर्मी नहीं सह सकता।पालक अमरन्थेसी कुल का फूलने वाला पादप है, जिसकी पत्तियाँ एवं तने साग के रूप में खाये जाते हैं। पालक में खनिज लवण तथा विटामिन पर्याप्त रहते हैं, किंतु ऑक्ज़ैलिक अम्ल की उपस्थिति के कारण कैल्शियम उपलब्ध नहीं होता। पालक में लोहे का अंश भी बहुत अधिक रहता है। पालक में मौजूद लोहा शरीर द्वारा आसानी से सोख लिया जाता है। इसलिए पालक खाने से खून के लाल कणों की संख्या बढ़ती है। पालक को पके या कच्चे रूप में खाया जा सकता है।पालक एक वार्षिक पौधा है जो कम समय में काफ़ी उपज देता है।

धीरज कुमार

TOB बालमन

# Quiz



## 1

**बिहार का राजकीय फूल क्या हैं ?**

A. कमल

B. गुलाब

C. सूर्यमुखी

D. गेंदा

सही उत्तर: D

## 2

**कोणार्क सूर्य मंदिर किस राज्य में हैं?**

A. हिमाचल प्रदेश

B. उड़ीसा

C. झारखण्ड

D. तेलंगाना

सही उत्तर: B

## 3

**ताइक्वांडो किस देश का राष्ट्रीय खेल हैं ?**

A. चीन

B. आस्ट्रेलिया

C. दक्षिण कोरिया

D. स्पेन

सही उत्तर: C

## 4

**मधुमक्खी की कितनी आंख होती हैं ?**

A. पांच

B. तीन

C. सात

D. दो


सही उत्तर: A

Class 5
EVS

माह - फरवरी

# पटना से नाथुला की यात्रा

* यात्रा हमारे जीवन का एक हिस्सा हैं।
* हम अपने जीवन में कहीं न कहीं की यात्रा करते रहते हैं।
* पटना से नाथुला की यात्रा लगभग 637 कि.मी. के आस-पास है।
* नाथुला हिमाचल की गोद में बसा एक पहाड़ी दर्रा है, जो भारत के सिक्किम राज्य और दक्षिण तिब्बत चुंबी घाटी को जोड़ता है।
* नाथुला भारत और चीन के बीच तीन खुले व्यापारिक सीमा चौकियों में से एक है और अपनी सुरम्य सुंदरता और सुंदर वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।
* वहां का तापमान सालों भर भारत के अधिकांश हिस्सों से कम रहने के कारण गर्मियों के मौसम में पर्यटकों को ज्यादा आकर्षित करता है।
* वहां सिर्फ भारतीय पर्यटकों को जाने की अनुमति होती है।









पुनीता कुमारी

ToB बालमन

# बूझो तो जाने ....



①

छोटा सा है उसका पेट, लेता सारा जगत समेट, चार अक्षर का उसका नाम, कहानी कविता, खेल और मौसम भी करता हमको भेंट।

सही उत्तर: अखबार

②

आपके ही घर पे आये तीन अक्षर का नाम बताए, शुरु के दो अति हो जाये, अंतिम दो से तिथि बन जाये, बताओ क्या बुझो तो जानें?

सही उत्तर: अतिथि

③

जा जोड़े तो जापान, अमीरों के लिए है यह शान, बनारसी है इसकी पहचान, दावतों में बढ़ती इसकी शान,बूझो तो जानें ?

सही उत्तर: पान

④

उड़ नहीं सकती मैं वायु में, चल नहीं पाती सड़कों पर ! लेकिन लाखों पर्यटकों को, पहुँचाती हूँ इधर उधर ..बुझो तो जानें....?

सही उत्तर: रेल

संजय कुमार


ToB बालमन

# सामान्य ज्ञान

## प्रमुख देश और राष्ट्रीय खेल

1. भारत → हॉकी
2. चीन → पिंग पोंग
3. बांग्लादेश → कबड्डी
4. जापान → सूमो कुश्ती
5. भूटान → तीरंदाज़ी
6. ब्राज़ील → कैपीरा
7. दक्षिण कोरिया → ताइक्वांडो
8. संयुक्त राज्य अमेरिका → बेसबॉल
9. इंग्लैंड → क्रिकेट

धीरज कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विभिन्न तत्वों से परिचय
रसायनविज्ञान
वर्ग 9 - 10
तत्व (Element)
Ne
Al
S
Na
Si
Cl
तत्व (Element)
Mg
P
Ar

Anu Priya

# ToB Science Corner


Class 10
Biology

# प्रकाशसंश्लेषण



प्रकाशसंश्लेषण एक विशेष प्रकार की जैव रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें हरे पौधें सूर्य के प्रकाश में क्लोरोफिल की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड और जल की सहायता से ग्लूकोज और ऑक्सीजन का निर्माण करता है।

$$\underset{\text{Carbon dioxide}}{6CO_2} + \underset{\text{Water}}{12H_2O} \xrightarrow[\text{Chlorophyll}]{\text{Light}} \underset{\text{Glucose}}{C_6H_{12}O_6} + \underset{\text{Oxygen}}{6O_2} + \underset{\text{Water}}{6H_2O}$$




## प्रकाश संश्लेषण का क्रिया स्थल

### हरितलवक



राजेश कुमार सिंह

www.teachersofbihar.org

# ToB Science Corner

## धुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन ( PSLV )

धुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन भारत का एक लॉन्च वाहन है। यह भारत का तीसरी पीढ़ी का लॉन्च वाहन है। इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है।




- यह एक चार चरण वाला रॉकेट है।
- इसमें ठोस और तरल प्रणोदक का इस्तेमाल होता है।
- यह एक से अधिक कई उपग्रहों को एक साथ लॉन्च कर सकता है।
- इसकी मदद से उपग्रहों को कई कक्षाओं में प्रक्षेपित किया जाता है।
- PSLV ने कई भारतीय और विदेशी उपग्रहों को लॉन्च किया है।
- यह लगभग 2 टन का पेलोड ले जाता है।
- PSLV ने अपनी 62वीं उड़ान 30 दिसम्बर 2024 को भरा।

### PSLV की उड़ान

- कुल उड़ान - 62
- सफलता - 59
- असफलता - 02
- आंशिक असफलता - 01

### प्रमुख पेलोड

| | |
|---|---|
| चंद्रयान - 1 | प्रोवा - 3 |
| मंगल आर्बिटर मिशन | एस्ट्रोसैट |
| आदित्या L1 | एस आर ई - 1 |
| नाविक | |

राजेश कुमार सिंह, कैमूर

# टीचर्स ऑफ बिहार
# की
# प्रस्तुति




# त्रैमासिक शैक्षणिक पत्रिका

**लिंक पर क्लिक कर पत्रिका पढ़े**

https://www.teachersofbihar.org/publication/pragyanika

ToB

# आओ सीखें

## Award (पुरस्कार):

यह किसी उपलब्धि या उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता हैं आमतौर पर इसे किसी संस्था, सरकार या संगठन द्वारा प्रदान किया जाता हैं। यह ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र, या सम्मान के रूप में हो सकता हैं।

जैसे : सचिन तेंदुलकर को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत रत्न पुरस्कार मिला ।

**V/S**

## Reward (इनाम):

यह किसी अच्छे कार्य, सेवा, या मदद के बदले में दिया जाता हैं यह व्यक्तिगत या अनौपचारिक हो सकता हैं और धन, उपहार या अन्य लाभ के रूप में मिल सकता हैं।

जैसे : चोरी पकड़वाने में मदद करने पर पुलिस ने उसे ₹50000 का इनाम दिया ।

- संक्षेप में :• Award किसी की उपलब्धि या प्रतिभा की मान्यता होती हैं।
- Reward किसी विशेष कार्य या अच्छाई के बदले में दिया गया प्रतिफल होता है।

रवि शर्मा

ToB बालमन कविता

# पेड़ भी है जीवित प्राणी

हर दिल में बस एक ही वाणी,
पेड़ भी है जीवित प्राणी।
मुझे पेड़ लगाने और लगवाने में,
आता है आनंद की अनुभूति ।
मैं खुश हूं कि मैने जीवन में,
एक नेक काम करने की बीड़ा उठाई।
एक-एक पानी की बाल्टी भरकर,
पेड़ों में देने के दौर से गुजरी ।
पेड़ों की परवरिश करने में आती हैं खुशी,
पेड़ हमारे सच्चे मित्र,
कभी हमसे कुछ नहीं लेती
सिर्फ देना इसका काम ।
आओ मिल कर पेड़ लगाएं
हर दिल में बस एक ही वाणी,
पेड़ भी है जीवित प्राणी..।



नीतू शाही (शिक्षिका)
प्रा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी
फुलवारी शरीफ, पटना
(पर्यावरण मित्र )



ToB बालमन

# अंतरिक्ष की दुनिया



## हमारी पृथ्वी



पृथ्वी सौर मंडल का एक ऐसा ग्रह है जहां पर जीवन है। पृथ्वी एक संस्कृत शब्द है जिसका मतलब है 'विशाल धरा'।यह सौरमंडल का सबसे घना ग्रह है।पृथ्वी पर तरल जल होने की वजह से यह ब्रह्मांड में खास हैं और पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई और मनुष्य का विकास भी हुआ।पृथ्वी का आकार अंडाकार है और इसकी परिधि करीब 40,000 किलोमीटर हैं।पृथ्वी सूर्य से करीब आठ प्रकाश मिनट की दूरी पर है।पृथ्वी अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है, जिसकी वजह से मौसम में बदलाव आते हैं।पृथ्वी का एक स्थायी उपग्रह चंद्रमा है। पृथ्वी का निर्माण करीब 4.5 अरब साल पहले हुआ था। पृथ्वी तीन परतों से बनी है - क्रस्ट, मेंटल, और कोर। पृथ्वी की सतह का 70% हिस्सा पानी से ढका है।पृथ्वी के वायुमंडल में ओजोन गैस की एक परत है जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोकती है।

धीरज कुमार

ToB बालमन

अतीत के पन्नो से...

# जलियांवाला बाग हत्याकांड





जालियाँवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के निकट जलियाँवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 हुआ था। रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी जिसमें जनरल डायर नामक एक अँग्रेज ऑफिसर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियाँ चलवा दीं जिसमें 400 से अधिक व्यक्ति मरे और 2000 से अधिक लोग घायल हुए।आयोग की रिपोर्ट में साक्ष्य के छह खंड शामिल थे।इस रिपोर्ट को 8 मार्च, 1920 को जारी किया गया था।इस रिपोर्ट में सर्वसम्मति से डायर के कार्यों की निंदा की गई थी।इस रिपोर्ट में कहा गया था कि डायर ने गंभीर गलती की थी।इस घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था।माना जाता है कि यह घटना ही भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरुआत बनी।

धीरज कुमार

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

(सुरक्षित शनिवार)

## बिजली घात

घात से बचाव
















बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

# ToB

# News Coverage

वर्ष-13 अंक : 55 हमीरपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2024, 11 एकादशी, फाल्गुन-कृष्ण, विक्रम संवत 2081, माघ कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : 5

देवभूमि मिरर

www.devbhumimirrornews.com 2 डेरा बाबा गोबिंद दास स्वानपुर में .... 3 विक्रमादित्य सिंह ने अपने चंबा दौरे...

## टीचर्स ऑफ बिहार ने लॉन्च किया ' प्रोजेक्ट शिक्षक साथी'



युगलकिशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया। बिहार में शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार के सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार ने प्रोजेक्ट शिक्षक साथी की शुरुआत की है। इस परियोजना के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की योजना बनाई गई है, जिससे शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता, पारदर्शिता और संवाद में सुधार हो सके। बांका जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय का वेबसाइट हुआ लॉन्च जिले के 35 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रोन्नत मध्य विद्यालय खड़िहारा उर्दू बालक, प्रखंड बाराहाट, जिला बांका की वेबसाइट लॉन्च की गई है। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार खेल मंत्री, बिहार सरकार सुरेन्द्र मेहता और स्थानीय विधायक राम नारायण मंडल ने विद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण किया है इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाकांत कुमार भी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि यह डिजिटल पहल शिक्षा को सुलभ और पारदर्शी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अभिनव परियोजना की संकल्पना टीचर्स ऑफ बिहार के टेक्निकल टीम लीडर इंजीनियर शिवेंद्र प्रकाश सुमन द्वारा की गई है। उन्होंने न केवल इस परियोजना के अंतर्गत सभी पोर्टल का निर्माण किया है, बल्कि शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रोजेक्ट शिक्षक साथी के तहत प्रत्येक सरकारी विद्यालय के लिए एक निशुल्क वेबसाइट बनाई जाएगी, जो विद्यालय की सूचनाओं, पाठ्यक्रम, गतिविधियों और शैक्षणिक संसाधनों को ऑनलाइन प्रदर्शित करेगी। इससे विद्यालयों में डिजिटल पारदर्शिता बढ़ेगी और अभिभावकों व छात्रों के लिए सूचनाएँ सुलभ होंगी।

दक्षिण प्रकाश

## टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका का 37वां अंक प्रकाशित



एजुकेशनल न्यूज शिक्षा ही सर्वोपरि पटना, रविवार 16.02.2025 04

## टीचर्स ऑफ़ बिहार " बालमंच पत्रिका " बाल कलाकारों के उत्कृष्ट क्रियाकलापों, रचनाओं एवं गतिविधियों के लिए उपयोगी साधन

**बालमंच पत्रिका के माध्यम से बाल कलाकारों के कृतियों को मिल रही पहचान**




**शिक्षा-दीक्षा • टीचर्स ऑफ बिहार की पत्रिका का 37वां प्रकाशित, शिक्षकों और बच्चों को मिल रही दिशा**

## बालमन पत्रिका से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शुरू बालमन पत्रिका से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिल रहा है। बच्चों की प्रतिभा केवल विद्यालयों तक सीमित न रखते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा बालमन पत्रिका की शुरुआत की गई है।

यह पत्रिका बच्चों के मन में कला और सृजनात्मकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने उनके विचारों और रचनात्मक क्षमताओं को मंच प्रदान करने तथा उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। बालमन पत्रिका उन बच्चों के लिए एक विशेष मंच है जो दुर्गम पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और अपनी कला व प्रतिभा को प्रदर्शित करने के अवसरों की तलाश में होते हैं। यह मासिक पत्रिका राज्य,जिला, प्रखंड, संकुल और विद्यालय स्तर पर बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, रोचक और प्रेरणादायक सामग्री प्रदान करती है। बालमन पत्रिका की यात्रा 18 जनवरी 2022 को अपने पहले अंक के प्रकाशन से शुरू हुई थी। तब से लेकर अब तक यह पत्रिका न केवल बिहार में बल्कि झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र,उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, नई दिल्ली, हरियाणा सहित कई अन्य राज्यों में भी लोकप्रिय हो चुकी है। 31 जनवरी 2025 को टीचर्स ऑफ बिहार बालमन का 37वां अंक प्रकाशित हुआ हैजो इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैयह पत्रिका न केवल बच्चों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनी है बल्कि शिक्षकों और समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है।बालमन पत्रिका के प्रधान संपादक धीरज कुमार,उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा भभुआ कैमूर में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।उनकी मेहनत,समर्पण और दूरदृष्टि ने इस पत्रिका को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

### नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा

उन्होंने अपने नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया कि हर बच्चे को अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का मंच मिले।उनकी सतत प्रयासों और मार्गदर्शन के कारण यह पत्रिका अब एक व्यापक और प्रतिष्ठित प्रकाशन के रूप में उभर चुकी है।टीचर्स ऑफ़ बिहार बालमन पत्रिका को निरंतर बच्चों और शिक्षकों का प्यार,सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है। यह पत्रिका आगे भी बाल सृजनशीलता को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।टीचर्स ऑफ़ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश सिंह एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से इस जानकारी को साझा करते हुए बधाई दी है।



# Thank You

**अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।**

**यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।**

www.teachersofbihar.org